हट सकता है चीनी निर्यात शुल्क

नई दिल्ली (ब्यूरो)। वाणिज्य व उद्योग मंत्री, निर्मला सीतारमण ने कहा है कि अगर उपभोक्ता मामले मंत्रालय की तरफ से आपत्ति जाहिर नहीं की जाती है तो रिफाइंड चीनी के निर्यात पर लगने वाले 20 शुल्कों को हटाया जा सकता है। घरेलू स्तर पर चीनी की कीमतों पर नियंत्रण के लिए चीनी के निर्यात पर खाद्य व उपभोक्ता मामले मंत्रालय की सिफारिश पर 20 शुल्क लगाए गए थे।

चीनी से अधिक एथनॉल उत्पादन पर हो जोर

सीतारमण ने कहा कि चीनी मिलर्स, चीनी से अधिक मात्रा में एथनॉल बना सकते हैं, कच्ची चीनी बना सकते हैं और इसका निर्यात किया जा सकता है। सरकार की तरफ से चीनी मिलर्स को गन्ना किसानों के बकाए का पूर्ण भुगतान करने के लिए कहा गया है।